# प्राचार्य का कार्यालय
# राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, बेतिया, पश्चिम चम्पारण।
## निविदा सूचना।

निविदा सं0– 03/स्थापना– 2016–17 दिनांक– 20.07.2016

भारतीय चिकित्सा परिषद, नई दिल्ली के मापदण्ड को पूर्ण करने हेतु राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, बेतिया, पश्चिम चम्पारण के केन्द्रीय पुस्तकालय के लिए वित्तीय वर्ष 2016–17 में मेडिकल पुस्तकों (नवीनतम संस्करण), विभिन्न विषयों/एवं विशेषताओं के जर्नलों (देशी एवं विदेशी) एवं मेडिकल सी0डी0 के आपूर्ति करने हेतु विभिन्न प्रकाशकों/प्राधिकृत वितरकों अथवा अधिकृत विक्रेताओं जो गुड ऑफिसेज कमिटी नई दिल्ली के मापदण्ड की शर्त्तों को पूरा करते है एवं गुड ऑफिसेज कमिटी के द्वारा पुस्तकों एवं जर्नल आपूर्ति के प्राधिकृत एजेन्ट हो, वे ही अपना शर्त्त और स्थिति (Term and Condition) के साथ निविदा के प्रथम प्रकाशन की तिथि से 21 वें दिन के अपराह्न 5:00 बजे तक मुहरबंद लिफाफे में निबंधित/स्पीड डाक (अनिवार्य) द्वारा निविदा समर्पित करेंगे। 21 वें दिन अगर किसी प्रकार का अवकाश रहता है या किसी अपरिहार्य कारण से प्राचार्य कार्यालय बंद रहता है तो उसके अगले दिन तक निविदा प्राप्त की जायेगी। निविदा प्राप्ति के अंतिम तिथि के बाद आने वाले प्रथम सोमवार अथवा अवकाश रहने पर अगला कार्य दिवस को प्राचार्य के कक्ष में क्रय समिति के द्वारा अपराह्न 1:00 बजे खोली जायेगी। जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

**निविदा की शर्त्तें :–**

**(क) अनिवार्य :–**

1. निविदा कम्प्यूटराईज्ड होना चाहिए। हाथ से लिखा निविदा मान्य नहीं होगा तथा रद्द कर दिया जायेगा।
2. निविदा के साथ सत्यांकर राशि के रूप में 30000/– (तीस हजार) रूपया मात्र का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट अथवा एन0एस0सी0 (मूल) जो प्राचार्य, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, बेतिया, पश्चिम चम्पारण के पदनाम से प्रतिभूत किया हो, संलग्न करना है।
3. निविदा के साथ फर्म/प्रोप्राईटर का पैन कार्ड एवं आयकर रिर्टन अद्यतन प्रमाण–पत्र (वित्तीय वर्ष 2014–15) की छायाप्रति संलग्न करना है।
4. प्रोप्राईटर से संबंधित सरकारी प्रमाण–पत्र जिससे स्पष्ट हो कि संबंधित व्यक्ति फर्म के प्रोप्राईटर है।
5. Notary Public द्वारा फर्म/आपूर्तिकर्त्ता को काली सूची में नहीं होने एवं पुस्तकों, जर्नलों का दर प्रकाशीय दर से अधिक नहीं होने का मूल शपथ–पत्र संलग्न करना है।

**(क) अन्य शर्त्तें :–**

1. आपूर्तिकर्त्ता को अपना Import , Export Code से संबंधित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना है।
2. नवीनतम पुस्ताकों एवं जर्नलों अधिकतम मूल्य प्रकाशीय दर से अधिक नहीं होना चाहिए। विपत्र के साथ आपूर्तिकर्त्ता प्रकाशक दर की मूल्य सूची/कैटलॉग/भारतीय मुद्रा में परिवर्तित दर भी देंगे।
3. सभी पुस्तकों एवं जर्नलों की आपूर्ति एफ0 ओ0 आर0 केन्द्रीय पुस्तकालय राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, बेतिया, पश्चिम चम्पारण को निःशुल्क करना होगा।
4. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।
5. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा बेतिया स्थित न्यायालय में होगा।
6. मेडिकल पुस्तकों एवं जर्नलों की सूची प्राचार्य कार्यालय से कार्य दिवस में 1:00 से 4:00 बजे अपराह्न तक प्राप्त की जा सकती है या कार्यालय के वेबसाइट www.gmcbettiah.org पर देखी जा सकती है।

(डॉ0 राजीव रंजन प्रसाद)
प्राचार्य,
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय,
बेतिया, पश्चिम चम्पारण।